भारत सरकार
सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 6021
01.04.2026 को उत्तर देने के लिए

सामाजिक और पर्यावरण संबंधी सांख्यिकीय प्रकाशन

6021. श्री दामोदर अग्रवालः
श्री प्रभुभाई नागरभाई वसावाः
श्री अनूप संजय धोत्रेः
श्री हरीभाई पटेलः
श्री बिभु प्रसाद तराईः

क्या सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान सरकार द्वारा सामाजिक और पर्यावरणीय संकेतकों के संबंध में वर्ष-वार कितने विषयगत सांख्यिकीय प्रकाशन जारी किए गए हैं;

(ख) क्या सरकार के पास इन सांख्यिकीय प्रकाशनों तक जनता की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए कोई केन्द्रीकृत भंडार या डिजिटल मंच है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने नीति निर्माताओं, अनुसंधान संस्थानों और शैक्षणिक संगठनों द्वारा इन प्रकाशनों के उपयोग के संबंध में कोई समीक्षा अथवा मूल्यांकन कराया है;

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) सरकार द्वारा शोधकर्ताओं, नीति निर्माताओं और आम जनता के बीच इन सांख्यिकीय रिपोर्टों के प्रसार और पहुंच में सुधार लाने और इस संबंध में जन जागरूकता पैदा करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार); योजना मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और संस्कृति मंत्रालय के राज्य मंत्री (राव इंद्रजीत सिंह)

(क): सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, भारत सरकार, नियमित रूप से सामाजिक और पर्यावरणीय संकेतकों पर प्रकाशन जारी करता है। पिछले पाँच वर्षों में जारी किए गए इन प्रकाशनों का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है |

(ख) और (ग): सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के पास अपने सांख्यिकीय प्रकाशनों तक आम जनता की पहुँच हेतु एक केंद्रीकृत डिजिटल तंत्र है। उपर्युक्त सभी रिपोर्टें और प्रकाशन सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइट (www.mospi.gov.in) पर उपलब्ध कराए जाते हैं, जहाँ शोधकर्ता, नीति-निर्माता और आम जनता उन्हें देख सकते हैं।

इसके अतिरिक्त, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने संयुक्त राष्ट्र निवासी समन्वयक कार्यालय के साथ मिलकर इंडिया एसडीजी डैशबोर्ड , विकसित किया है, जो राष्ट्रीय संकेतक रुपरेखा के अनुरूप एसडीजी संकेतकों की निगरानी हेतु एक केंद्रीकृत डेटा प्लेटफ़ॉर्म के रूप में कार्य करता है।

(घ) और (ड.): ये प्रकाशन एक ही स्थान पर विभिन्न प्रकार के सामाजिक और पर्यावरणीय आँकड़े उपलब्ध कराते हैं, और नीति निर्माताओं तथा हितधारकों हेतु एक महत्त्वपूर्ण स्रोत के रूप में काम करते हैं। ये आँकड़े मुख्य रूप से विभिन्न मंत्रालयों और विभागों से प्राप्त द्वितीयक डेटा पर आधारित होते हैं। यह कार्यनीति योजना और नीति निर्माण के लिए एक साक्ष्य-आधारित मार्गदर्शक है। शोधकर्ताओं और विश्लेषकों द्वारा इन क्षेत्रों में शोध कार्य करने हेतु इसका व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है।

इसके अतिरिक्त, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने पर्यावरण सांख्यिकी, जेंडर सांख्यिकी तथा तदर्थ प्रकाशनों की समय-समय पर समीक्षा करने तथा सतत् परामर्श के माध्यम से इनकी कवरेज, गुणवत्ता और प्रासंगिकता बढ़ाने के उद्देश्य से मंत्रालयों, विभागों और अनुसंधान संगठनों के प्रतिनिधियों वाली विभिन्न विशेषज्ञ समूह समितियों का गठन किया है।

(च): सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने शोधकर्ताओं, नीति-निर्माताओं और आम जनता के बीच अपनी सांख्यिकीय रिपोर्टों के प्रसार, पहुंच और जन-जागरूकता में सुधार हेतु कई कदम उठाए हैं। डेटा के प्रसार और प्रबंधन को आसान बनाने के लिए, 'ई-सांख्यिकी' पोर्टल का शुभारंभ किया गया है, जो प्रमुख समष्टि-आर्थिक संकेतकों पर 'टाइम-सीरीज़ डेटा' उपलब्ध कराता है। सांख्यिकीय उत्पादों का 'अग्रिम रिलीज कैलेंडर'(एआरसी) भी मंत्रालय की वेबसाइट (www.mospi.gov.in) पर उपलब्ध कराया जाता है, ताकि जानकारी का समय पर और पारदर्शी प्रसार सुनिश्चित किया जा सके। इसके अतिरिक्त, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय डेटा उपयोगकर्ताओं और हितधारकों के साथ नियमित संवाद और परामर्श आयोजित करता है, ताकि उनकी प्रतिक्रिया को शामिल किया जा सके और प्रकाशित डेटा के प्रति उनकी समझ व उसके प्रभावी उपयोग को बेहतर बनाया जा सके।

*****

अनुबंध

दिनांक 1 अप्रैल, 2026 को लोक सभा के अतारांकित प्रश्न संख्या 6021 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

क्रम सं.	वर्ष	**प्रकाशनों / जारी की गई रिपोर्ट के नाम**
1.	2021	• एनवीस्टैट्स भारत : पर्यावरण सांख्यिकी • एनवीस्टैट्स भारत : पर्यावरण लेखा • सतत विकास लक्ष्य - राष्ट्रीय संकेतक रूपरेखा प्रगति रिपोर्ट (एनआईएफ) • एसडीजी - राष्ट्रीय संकेतक रूपरेखा • एसडीजी -एनआईएफ पर डेटा स्नैपशॉट • भारत में महिलाएं और पुरुष • भारत में बुजुर्ग
2.	2022	• एनवीस्टैट्स भारत : पर्यावरण सांख्यिकी • एनवीस्टैट्स भारत : पर्यावरण लेखा • सतत विकास लक्ष्य - राष्ट्रीय संकेतक रूपरेखा प्रगति रिपोर्ट (एनआईएफ) • एसडीजी - राष्ट्रीय संकेतक रूपरेखा • एसडीजी – एनआईएफ पर डेटा स्नैपशॉट • भारत में महिलाएं और पुरुष • भारत में युवा
3.	2023	• एनवीस्टैट्स भारत : पर्यावरण सांख्यिकी • एनवीस्टैट्स भारत : पर्यावरण लेखा • सतत विकास लक्ष्य - राष्ट्रीय संकेतक रूपरेखा प्रगति रिपोर्ट • एसडीजी - राष्ट्रीय संकेतक रूपरेखा • एसडीजी - एनआईएफ पर डेटा स्नैपशॉट • भारत में महिलाएं और पुरुष
4.	2024	• एनवीस्टैट्स भारत : पर्यावरण सांख्यिकी • • एनवीस्टैट्स भारत : पर्यावरण लेखा • सतत विकास लक्ष्य - राष्ट्रीय संकेतक रूपरेखा प्रगति रिपोर्ट • एसडीजी - राष्ट्रीय संकेतक रूपरेखा • एसडीजी - एनआईएफ पर डेटा स्नैपशॉट • भारत में महिलाएं और पुरुष
5.	2025	• एनवीस्टैट्स भारत : पर्यावरण सांख्यिकी • वनों पर पर्यावरणीय लेखांकन - 2025 • सतत विकास लक्ष्य - राष्ट्रीय संकेतक रूपरेखा प्रगति रिपोर्ट • एसडीजी - राष्ट्रीय संकेतक रूपरेखा • एसडीजी - एनआईएफ पर डेटा स्नैपशॉट • भारत में महिलाएं और पुरुष • भारत में बच्चे